an>

Title: Need to allocate fund to give salary to Jal Sahiyas in Jharkhand.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं झारखण्ड प्रदेश के गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र से आता हूँ।

झारखण्ड राज्य के 24 जिलों में लगभग 25000 जलसहिया कार्य कर रहे हैं परंतु इन्हें मानदेय, अवकाश, चिकित्सा भत्ता, ड्रेस कोड, पहचान-पत्र आदि जारी करने की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा नहीं की गयी है। जबकि जलसहिया द्वारा जल प्रबंधन के क्षेत्र में काफी प्रशंसनीय कार्य किया जा रहा है। आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु वर्तमान में ऐसे सेवकों द्वारा राज्य की जनता और सरकार के बीच सराहनीय समन्वय करने का कार्य किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप जनता और सरकार दोनों को लाभ प्राप्त हो रहा है। जबकि वेतनभोगी सरकारी कर्मचारी अपने दायित्वों के निर्वहन में पीछे हैं। जलसहिया के कार्यों का निष्पादन करने वालों में माध्यमिक व उच्च शिक्षा, जैसे स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त महिलाएँ इसमें कार्यरत हैं। सरकारी सेवा की उम्र के अनुसार ये लोग 35 वर्ष की उम्र सीमा को पार कर गये हैं। अब इन्हें कहीं भी सरकारी नौकरी मुहैया नहीं होगी।

अतः भारत सरकार से मेरा आग्रह है कि राज्य सरकार को धन मुहैया कराया जाए ताकि जलसहियाओं को वेतन का भुगतान किया जा सके और वे सुचारू रूप से कार्य कर सकें।

आपने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Ravindra Kumar Pandey.